## केन्द्रीय विद्यालय एन.डी.ए. खडकवासला, पुणे-२३

### अर्धवार्षिक परीक्षा - २०१८-२०१९

कक्षा - सातवी विषय : हिन्दी पूर्णांक : ८०

समय : ३ घंटे

---

सामान्य निर्देश -

1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड है - क, ख, ग, घ
2) चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है
3) यथा संभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः ही दीजिए

### खण्ड - क

**प्रश्न1) निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

स्व - भाषा व संस्कृति से राष्ट्र का विकास होता है । हर विकसित देशों में वहां की राष्ट्र व राज-भाषा ही शिक्षा का माध्यम होती है । विदेश भाषा चाहे कितनी ही समृद्धी क्यों न हो, उसमें परायेपन की गंध आती है इसलिए बालक को उसी की भाषा में ज्ञान विज्ञान की शिक्षा दी जाती है । हमारे देश में भी अनेक बार कई शिक्षाविदों ने मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की सलाह दी है क्योंकि मातृ भाषा ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा बालक किसी भी चीज का ज्ञान ग्रहण करने में समर्थ होता है । मातृभाषा एक ऐसी भाषा होती है जो मान्य को विरासत के रुप में प्राप्त होती है ।

1) राष्ट्र का विकास किस पर निर्भर है ? (1)

क) राष्ट्र की जनसंख्या वृद्धि पर ख) स्वभाषा व स्व-संस्कृति पर

ग) शिक्षा के स्वरुप पर घ) लोगों की मानसिक सोच पर

2) हर विकसित देश में शिक्षा का माध्यम होता है ? (1)

क) अंतरराष्ट्रीय भाषा ख) राष्ट्र व राजभाषा

ग) प्रांतिय भाषा घ) लोगों की पसंद की भाषा

3) विदेशी भाषा का स्वरुप कैसा होती है ? (1)

क) परायेपन का ख) लोगों की मनचाही भाषा

ग) सहज और सरल घ) इनमें से कोई नही

4) क्या भारत में शिक्षा का माध्यम भारत की राष्ट्रभाषा है ? (1)

क) हाँ पूर्णतया है ।	ख) कई प्रांतों में नही है ।

ग) बोलचाल की भाषा को	घ) लोगों का रूझान अंग्रेजी भाषा की ओर

**5) मातृभाषा की क्या विशेषता होती हैं ? (1)**

क) यह भाषा मनुष्य को पैतृक विरासत के रुप में प्राप्त होती है ।

ख) इसमें लोग अधिक विचार प्रस्तुति करते है ।

ग) मातृभाषा में अपनेपन का अहसास होता है ।

घ) उपर्युक्त सभी ।

**प्रश्न 2) निम्नलिखित काव्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए ।**

बाबा कहते फौज में जाकर
जग में नाम कमाओ ।
दीदी कहती घर में रहकर
ही उद्योग लगाओ ।
सबका अपना नाता ।
लेकिन मेरी मन की उलझन
कोई समझ न पाता ।

**1) कवि को किस बात की उलझन है? (1)**

क) जग में नाम कमाना	ख) सबकी अलग-अलग अभिलाषा

ग) उद्योग लगाना	घ) अपनी इच्छा परी न होना

**2) नाम कमानेसे क्या तात्पर्य है? (1)**

क) नीचा दिखाना	ख) जीतना

ग) प्रसिद्धी प्राप्त करना	घ) नाममात्र काम करना

**3) बाबा फौज में जाने को क्यों कहते है? (1)**

क) देश की सेवा करने के लिए	ख) नौकरी के लिए

ग) नाम कमाने के लिए	घ) इनमें से कोई नहीं

4) **अभिलाषा का पर्यायवाची शब्द क्या है ?** **(1)**

**क) निराशा** **ख) आशा** **ग) उदास** **घ) इच्छा**

5) कविता का शिर्षक क्या हो सकता है ? (1)

क) मन की अभिलाषा ख) मन की बात

ग) मन की उलझन घ) मन की आशा

## खण्ड - ख

**प्रश्न 3क) द्वंद्व समास के तीन उदाहरण दीजिए -** **(3)**

ख) विशेषण और विशेष्य का मिलान कीजिए - (3)

| * विशेषण | * विशेष्य |
|---|---|
| संभ्रांत | वर्षा |
| चंचल | जंगल |
| समतल | महिला |
| घना | नदियाँ |
| मूसलधार | आँगन |

ग) शब्दों से वाक्य बनाना (3)

1) घर-घर 2) बनते-बनते 3) ठीक-ठीक

घ) नीचे लिखी पंक्तियों में संज्ञा बताइए - (3)

1) घुटनों पर पडी है नदी चादर-सी

2) सिमटा बैठा है भेडो के गल्ले-सा

3) पानी का परदा-सा मेरे आसपास था हिल रहा

**प्रश्न 4) 'पर' शब्द से तीन वाक्य बनाइए -** **(3)**

क) आना प्रत्यय से तीन शब्द बनाइए (3)

ख) नीचे लिखे शब्दों का उलटा सार्थक शब्द लिखिए (3)

1) राधा 2) वादा 3) दिन

प्रश्न 5) निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।

यों तो एनीमिया बहुत से कारणों से होता है, किंतु हमारे देशमें इसका सबसे बडा कारण पौष्टिक आहार की कमी है । इस रोग का एक और कारण है पेट में कीडो का

होना । ये कींडे प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करतेहैं । इनसे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम पूरी सफाई से बनाए गए खाद्य पदार्थ ग्रहण करें । भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धोले और साफ पानी ही पिएँ।

1) एनीमिया क्या है ? (1)

क) आँखो की बीमारी  ख) रक्त की कमी से बीमारी

ग) पेट की बीमारी  घ) बूखार

2) पेट में पाए जानेवाले कीडे किस बिमारी का कारण बनते है ? (1)

क) दमा  ख) क्षयरोग  ग) एनीमिया  घ) बूखार

3) शरीर में कीडों का प्रवेश रोकने के लिए हमें क्या करना चाहिए ? (1)

क) स्वच्छ भोजन करना चाहिए  ख) साफ पानी पीना चाहिए

ग) खाने से पूर्व हाथ धोना चाहिए  घ) उपर्युक्त सभी

4) एनीमिया होने का प्रमुख कारण है (1)

क) व्यायाम की कमी  ख) रक्तदान करना

ग) पौष्टिक भोजन की कमी  घ) दूषित जल

5) पाठ एव लेखक का नाम लिखिए । (1)

प्रश्न 6) निम्नलिखित काव्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।

आकाश का साफा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड
घुटनों पर पडी है नदी चादर - सी
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अंधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेडों के गल्ले-सा

1) कवि द्वारा शाम का चित्रण किस रुप में किया है ? (1)

2) किसान किस तरह बैठा है ? (1)

3) पलाश के जंगल की तुलना किससे की है ? (1)

4) अंधकार किसके समान दिखाई दे रहा है ? (1)

5) कविता का नाम लिखिए (1)

**प्रश्न 7) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 4X4 = 16**

1) एनीमिया से बचने के लिए हमे क्या खाना चाहिए ?

2) यासुकी चान को पेड पर चढाने के लिए तोतो-चान ने अथक प्रयाक क्यों किए?

3) पापा को गए नाटक में सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों?

4) दादी माँ के स्वभाव का कौन-सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यो?

5) संवाद लिखिए - ब्लैक बोर्ड और चॉक

6) किन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास का जीवन संपन्नता से भरा था और किन बातों से ज्ञात होता है कि वह सुखी नहीं था?

7) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ?

**प्रश्न 8) ''बालमहाभारात कथा'' पूरक पाठ्यपुस्तक के आधार पर किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 2X4 = 8**

1) चौसर के निमंत्रण पर युधिष्ठिर ने शकुनी से क्या कहा ?

2) पांडवों के चले जाने के बाद धृतराष्ट्रने विदुर से क्या कहा ?

3) हनुमान ने भीम को क्या आशीर्वाद दिया

4) माता कुंती के साथ पाँचो पांडव एकचक्रा नगरीमें किस प्रकार दिन बिताने लगे

5) पांडवों से निपटने के लिए कर्ण का क्या सुझाव था ?

6) जरासंध का अंत कैसे हुआ ?

**प्रश्न 9) किसी एक विषयपर निबंध लिखिए (10)**

1) गणेश चतुर्थी

2) स्वच्छ भारत अभियान

3) मेरा प्रिय खेल

**प्रश्न 10) अपने मित्र को जन्मदिन पर शुभकामनाएँ देते हुए पत्र लिखिए । (5)**

**अथवा**

कंप्यूटर की व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

***********